Tilak also advocated Swadeshi doctorine (of Khap): "we shall not give them assistance to collect revenge and keep peace. We shall not assist them in fighting beyond frontiers or out side India North Indian blood and money. We shall not assist them in carrying on the administration of Justice. We shall have our own courts and when times come we shall not pay taxes". He asked the people "Can you do that by your united efforts ?" and he arrowred ; "If you can, you are free from tomorrow". Such enchanting made Tilak. 'Lokamanya and such lion - hearted leadership took Tilak to new hights of popularity untouched by anyone till then. He enjoyed the people's look and admiration; no less there obedience.

Tilak was Gandhi's precursor, even his path finder. Gandhiji returned to India from South Africa in 1915. He tried his non-violence practice in May 1917 at Champaran in Bihar where thousands of Indigo cultivators suffered at the hands of British planters. At Gandhiji's call, thousands rose to a man and the government responded by agreeing to Gandhij's terms. Again Gandhiji planned an agrarian revolution through his non-violent stayagrahas in Kheda in 1918. It was a challenge to the government over land-revenue - the very foundation of the Indian Empire. The government's concern was voiced by Commissionor F.G. Pratt; 'In India, to defy the law of land revenue is to take a step which would destory all administration. To break this law, therefore, is different from breaking all other laws. If you fight about land revenue today, the whole country will fight about it.

The issue moved was simple. But it was blown up by the officials for the sake of their prestige. Excessive rains had destroyed the kharif crop, while an epidemic of rats had ruined the rabi crop. Gandhiji demanded a postponement not remission of assessment if yield was estimated to be less than 25% and a complete remission in the event of a failure of crop in the following year. Gandhiji and his associates were dubbed an agitators. He was not spoiling for a fight, but to reach an amicable

settlement. The government continued to be obdurate.

Gandhiji launched the Satyagraha on March 22, 1918 at a public meeting of peasants at Nadiad with such inspiring words: "It is intolerable that government should forcibly recover assessment. However, truthful the people are and however just there case is the government refuses to believe them and insists on having its own way. There must be Justice and injustice must be ended. It is an insult to all of us, the government dares to make this accusation, I would therefore, tell you that if the government does not accept our request, we should not pay land revenue, and we would be prepared to face the consequences".

The Satyagraha which was launched on March 22, continued through April, May and part of June. Not only did Kheda attract all - India attention but sympathy as well. The Bombay Chronicle wrote that it promises to be memorable in the history of this country'. The unity amongst the peasants and their well wishers undergoing sacrifices made government climb down to terms Gandhiji had suggested. Termination of the satyagraha was announced on 6th June, 1918 incarning Gandhiji as 'Bapu.' Later in 1928, the peasantry at Bardoli decorated Vallabhbhai Patel with the honour of 'Sardar' and Ch. Chhotu Ram was given the unique title of 'Rehabar-i-Azam' at Lyallpur in 1944.

So Tilak was a powerful factor in the creation of an all India peasantry strength, through which emerged great souls like Mahatma Gandhi, Sardar - Patel and Deenbadhu - Chhotu Ram.

युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव

– हिन्दुस्तान योद्धा

मानव जीवन की भूमिका बचपन है तो वृद्धावस्था उपसंहार है। युवावस्था जीवन की सर्वाधिक मादक व ऊर्जावान अवस्था होती है। इस अवस्था में किसी किशोर या किशोरी को उचित अनुचित का भलीभांति ज्ञान नहीं हो पाता है और शनैः शनैः यह मानसिक तनाव का कारण बनता है। मानसिक तनाव का अर्थ है मन संबंधी द्वन्द्व की स्थिति। आज का किशोर, युवावस्था में कदम रखते ही तनाव से घिर जाता है। आंखों में सुनहरे सपने होते हैं, लेकिन जमाने की ठोकर उन सपनों को साकार होने से पूर्व ही तोड़ देती है। युवा बनना कुछ चाहते हैं पर कुछ पर विवश हो जाते हैं। यहीं से मानसिक तनाव की शुरूआत होती है।

युवा उच्च शिखा प्राप्त करके डॉक्टर, इंजीनियर बनकर धनोपार्जन कर सुख–सुविधा युक्त जीवन निर्वाह करना चाहते हैं, परन्तु जब उनका उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता तो उनका मन असंतुष्ट हो उठता है और मानसिक संतुलन गड़वड़ा जाता है। शिक्षा से प्राप्त उपलब्धियां उन्हें निर्थक प्रतीत होती है।

वर्तमान युग में लड़का या लड़की, सभी स्वालंबी होना चाहते हैं, मगर बेरोजगारी की समस्या हर वर्ग के लिए अभिशाप सा बन चुकी है। मध्यम वर्ग के लिए तो यह स्थिमि अत्यंत कष्टदायी होती है। जब इस प्रकार की स्थिति हो जाती है तो जीवन में आए तनाव से मुक्ति पाने के लिए वे आत्महत्या जैसे कदम उठाने को बाध्य हो जाते है महिलाओं की स्थिति तो पुरूषों की तुलना में ज्यादा ही खतरनाक है।

वर्ष 2012 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की तकरीबन 57 फीसदी महिलाएं मानसिक विकारों की शिकार बनीं। विश्व स्वास्थय संगठन के एक आंकड़े पर गौर करें तो हम पाते हैं कि हर पांच में एक महिला और हर 12 में एक पुरूष मानसिक व्याधि ा का शिकार है। देश में लगभग 50 प्रतिशत लोग किसी न किसी गंभीर मानसिक विकार से जुझ रहे हैं। सामान्य मानसिक विकार के मामले में तो आंकड़ा और भी भयावह है। इनमें महिलाओं के आंकड़े सबसे अधिक हैं।

'जिंदगी जब मायूस होती है तभी महसूस होती है' फिल्म 'डर्टी पिक्चर' का यह संवाद उस नायिका की व्यथा है जो पहले परदे पर चमकने के सपने लिए ग्लैमर की दुनिया में आती है और हर तरह के समझौते करते हुए अपने का स्थापित भी कर लेती है। पर चकाचौंध ा भरी इस दुनिया में शोषित होते हुए शिखर पर पहुंचने के बाद अंततः इतनी अकेली हो जाती है कि आत्महत्या कर लेती हैं।

बहरहाल, दीपिका का यह खुलासा एक बार फिर सोचने को मजबूर करता है कि सिने जगत के कई चेहरों के असल जीवन में अंधेरा क्यों होता है? उनके यहां क्यों संबंधों के अर्थपूर्ण भाव जिन्हें हम आस्था, समर्पण और विश्वास कहते हैं, निर्वासित रहते हैं। क्यों ग्लैमर के आसमान में उड़ने वाले अधिसंख्य सितारों की रिश्तों की पवित्रता और जीवन की चेतना ढूंढ़े नहीं मिल पाती।

हमारा पारिवारिक और सामाजिक ढांचा ही ऐसा है कि मानसिक अवसाद या तनाव को बीमारी नहीं माना जाता, जबकि अवसाद जैसी समस्या को स्वीकारना और उसका हल खोजना छुपाने वाली बात नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट की मानें तो भारत अवसाद के मरीजों के मामले में दुनिया के अग्रणी देशों में से शुमार है। यहां तकरीबन 36 फीसदी लोग गंभीर अवसाद से ग्रस्त हैं।

आमतौर पर माना जाता है कि गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी और असफलता जैसी समस्याओं से जुझने वाले युवा अवसाद और तनाव झेलते हैं और इसके चलते आत्महत्या जैसा कदम भी उठा लेते हैं। ऐसे में कुछ समय पहले आये एक सर्वे के परिणाम थोड़ा हैरान करने वाले हैं।

वोकेशनल कोर्सेज हैं तरक्की की राइट च्वाइस

अनामिका

वोकेशनल कोर्स में छात्रों को किसी खास क्षेत्र के ट्रेड्स के बारे में बताया जा रहा है, ताकि युवा संबंधित क्षेत्र में दक्ष हो जाएं। ये कोर्स कई तरह के क्षेत्र जैसे, हेल्थ केयर, ग्राफिक, वेब डिजाइनिंग, फूड टेक्नोलौजी, कॉस्मेटोलॉजी आदि कोर्स में ऑफर किए जाते हैं। गेम डिजाइनिंग, मोबाइल ऐप डिजाइनिंग, रिटेलिंग एंड ट्रेड, फोटोग्राफी, वीडियों एडिटिंग एंड अकांउटिंग, इंश्योरेंस, हॉसिपिटैलिटी, हाउस कीपिंग, फायर सेटी, बीपीओ, फॉरेन लैंग्वेज, टूर एंड ट्रैवेल, हेयर डिजाइन, ब्यूटी कल्चर जैसे शॉर्ट टर्म या वोकेशनल कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही रोजगार के ज्यादा मौके भी दिला रहे हैं। आप दसवीं पास हों या बारहवीं के बाद ऐसे कोर्स की तलाश कर रहें हैं, जिससे नौकरी मिलने में सुविधा हो, तो वोकेशनल यो प्रोफेशनल कोर्स करें। जिंदगी का रास्ता बदल जायेगा। अधिक जानकारी के लिए पढ़ें यह रोचक लेख।

स्कूल से निकलने के बाद जैसे ही ग्रेजुएशन में दाखिले का समय आता है, तो सभी छात्रों के मन में यह सवाल बार–बार उठता है कि कौन–सा विषय चुनें। किस विषय में बैचलर डिग्री करना सही रहेगा, किस विषय को लेने से अच्छी जॉब मिलेगी और क्या करें, ताकि बेहतर भविष्य बनाने में कठिनाई न हो। कोर्स की अवधिकता और ऊपर से लोगों से मिलने वाले मुत के सुझाव से कई बार कॉलेज में जाने वाले नए छात्रों के मन में ऊहापोह की स्थिति हो जाती है। एक तरफ बीए, बीकॉम और बीएएसी जैसे पारंपरिक कोर्स है, तो दूसरी तरफ इंजीनियरिंग, मेडिकल, होटल मैनेजमेंट, फैशन टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट, आईटी, एनिमेशन, ग्राफिक डिजाइनिंग, एविएशन जैसे कई प्रोफेशनल कोर्स हैं, जिसमें नए सब्जेक्ट पढ़ने के साथ–साथ नई–नई बातों को जानने और कुछ नया और अलग करने का बेहतरीन मौका मिलेगा।

प्रोफेशनल डिग्री ही क्यों?

जिस तेज रतार से समय बदल रहा है, ऐसे में समय के साथ कदम–से–कदम मिलाकार चलने के लिए जरूरी है कि प्रोफेशनल डिग्री को अपने कैरियर का आधार बनाएं। प्रोफेशनल कोर्स में इंडस्ट्री व मार्केट की जरूरत को ध्यान में रखते हुए छात्रों को पढ़ाया जाता है। बात चाहें इंजीनियरिंग की हो, फैशन टेक्नोलॉजी या फिर एनिमेशन की.... इन जैसे तमाम प्रोफेशनल कोर्सेज के सिलेबस में समय–समय पर जरूरी बदलाव किए जाते रहे हैं और इसे पूरी तरह से मार्केट ओरिएंटेड बनाया जाता है, ताकि कोर्स के दौरान ही छात्र इंडस्ट्री की जरूरतों को आसानी से समझ ले और कोर्स खत्म होते ही बेहतर शुरूआत कर सकें।

प्रैक्टिकल नॉलेज पर फोकस

पारंपरिक कोर्स थ्योरी आधारित होते हैं, जिनके दम पर तुरंत नौकरी को छोड़कर यदि प्राइवेट सेक्टर की बात की जाए, तो वहां पर काफी गिने–चुने मौके मिल जाते है और सरकारी नौकरी में जिस तरह की प्रतियोगिता हैं, वहां पर सेलेक्शन होना भी आसान नहीं होता। लेकिन प्रोफेशनल कोर्स में प्रैक्टिल नॉलेज पर ज्यादा फोकस किया जाता है, छात्रों को कॉलेज में प्रैक्टिकल नॉलेज देने के साथ–साथ मार्केट की जरूरतों को समझाने और उसमें एक्सपर्ट बनाने के लिए कोर्स के दौरान समय–समय पर इन्टर्नशिप, वर्कशॉप आदि भी कराए जाते हैं। प्रोफेशनल डिग्री करने वाले छात्रों के लिए प्राइवेट सेक्टर में जॉब की असीम संभावनाएं हैं।

वैसे भी आज के समय लगभग सभी निजी कंपनियां और एमएनसी अपने यहां संबंधित क्षेत्र में प्रोफेशनल डिग्री और नॉलेज व स्किल्स रखने वाले प्रोफेशनल को ही वरीयता देती हैं। देश–विदेश में ऐसे लोगों की मांग हैं। कई बार छात्रों का कैंपस से ही सेलेक्शन हो जाता है। यानी बैचलर डिग्री पूरी होने से पहले ही देश–विदेशी कंपनियों में लाखों रुपयें तक के पैकेज पर जॉब पक्की हो जाती हैं। वहीं ट्रैडिशनल डिग्री लेने के बाद नौकरी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती हैं।

यही नहीं प्रोफेशनल डिग्री करने वालों के लिए विभिन्न सरकारी विभागों और पब्लिक सेक्टर यूनिट में भी पोस्ट रिजर्व होते हैं। लेकिन उस तरह की तमाम सरकारी रिक्तियां भी जिसके लिए भी पारंपरिक कोर्स करने वाले अप्लाई कर सकते हैं, उसके लिए भी प्रोफेशनल डिग्रीधारी एलिजिबल होते हैं, क्योंकि अधिकांश प्रोफेशनल डिग्री अन्य ट्रेडिशनल डिग्री के समकक्ष होती हैं।

प्रोफेशनल नहीं, तो वोकेशनल

युवाओं के लिए आज के समय की मांग बन गई हैं वोकेशनल कोर्स। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार 'स्किल इंडिया' प्रोग्राम के तहत देश के बड़े शहरों से लेकर दूर–दराज के गांवों तक सभी जगह दसवीं/बारहवीं के बाद वोकेशनल कोर्स करवा रही है। वोकेशनल कोर्स डिग्री के साथ ऐसी स्किल्स सिखाते हैं, जो आत्मनिर्भर बनाने का काम करती हैं 10वीं से कम पढ़े–लिखे लोग भी इसे कर सकते हैं। इसमें हर कोर्स के हिसाब से अलग–अलग शैक्षिक योग्यता तय की जाती है। यानी 10–12वीं से ग्रेजुएट पास तक वोकेशनल कोर्स कर सकते हैं। वोकेशनल कोर्स में छह माह से लेकर दो साल तक की अवधि के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा आदि मौजूद हैं। सरकारी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के साथ तमाम छोटे–बड़े निजी संस्थानों में कई तरह के कोर्सेज में आसानी से नामाकंन हो सकता है। चाहें तो पत्राचार से भी ये कोर्स कर सकते हैं। बैचलर डिग्री में नामाकंन लेकर अपने विषय से संबंधित वोकेशनल कोर्स कर अपनी डिग्री और स्किल्स में वैल्यू एड करना फायदे का सौदा साबित होगा।

वैवाहिक विज्ञापन

- SM4 Jat Boy 25/5'3" B.Com, CA, working in Infoys. Avoid Gotras: Dahiya, Maan, Huda, Rathi. Cont.: 9815005193
- SM4 Jat Boy 28/5'10" B. Tech. (Mechanical) from Thappar Patiala Working in US Company, Chicago Bridge XI Iron (CBI) in Dubai with salary 50 Lakh PA, Father Deputy CMO (Rtd.), Mother Lecturer (Physics) retired. Presently settled at Gurgaon, Rural/Urban property. Avoid Gotra: Mohan, Balhara, Nain, (Berwal & Sheoran avoid Direct) Cont.: 07838631908
- SM4 Jat Boy 27/5'8" B.A, LLB doing pratice at District Court Panchkula. Avoid Gotras: Balyan, Nehra. Cont.: 09416914340
- SM4 Jat Girl (DOB 07th Feb.1990) 25/5'10" B.Tech. (ECE), M.Tech. (ECE) from M.D.U. Rohtak. GATE Qualified. Running own Coaching Centre for graduate level students. Father Public Prosecutor Government of Haryana. Avoid Gotras: Kadian, Rathi, Sangwan. Cont.: 08447796371
- SM4 Jat Girl (DOB 02.10.80) 35.5/5'3" MS.c, M.Phil., B.Ed. Employed as Permanent Junior Lecturer in Haryana Government. Avoid Gotras: Nandal, Dalal, Sehrawat. Cont.: 08570032764
- SM4 Jat Girl (DOB 04.08.90) 25.8/5'4.5" M.C.A from P. U. Chandigarh. Employed as Software Developer (Alchemist IT Company Chandigarh). Avoid Gotras: Dalal, Dagar, Sinhmar, Cont.: 09463330394
- SM4 Jat Girl (DOB 29.02.92) 24.2/5'4" M.Sc Physics from P. U. Chandigarh. Avoid Gotras: Dalal, Dagar, Sinhmar, Cont.: 09463330394, 09646712812
- SM4 Jat Girl 26/5'2" M.A. B.Ed. Avoid Gotras: Thakran, Sehrawat, Dahiya, Cont.: 09996480088
- SM4 Jat Girl 25/5'3" M.Com., B.Ed. HTET, CTET Cleared, Working as Guest Teacher in Govt. of Delhi. Avoid Gotras: Thakran, Sehrawat, Dahiya, Cont.: 09996480088
- SM4 Jat Girl (DOB 04.04.91) 25/5'4" B.D.S. Worked as Junior Resident in E.S.I. Hospital, Delhi. Running her own Clinic at Ranibagh, Delhi. Avoid Gotras: Dhankhar, Dalal, Dahiya, Cont.: 09416024301, 07835897187
- SM4 Jat Girl (DOB 15.05.92) 24/5'5" M.Sc. Chemistry from MDU Rohtak, Doing B.Ed. from M.D.U. Avoid Gotras: Mor, Dhariwal, Chahal, Cont.: 09416603097
- SM4 (Divorcee Issuelesss) Jat Girl (DOB August1987), 28.8/5'6", M.Tech. in Computer Engineering. Employed as Assistant Professor in Engineering College, Landra (Pb.) Avoid Gotras: Sangroha, Lohan, Panghal, Cont.: 09464141784
- SM4 Jat Girl 25/5'2" B.Tech (CSE) Avoid Gotra: Malik, Hooda, Joon, Cont.: 09780336094
- SM4 Jat Boy 28/5'11" B. Tech. M.Tech from NIT Jaipur, Working as Planner in MNC Gurgaon. Avoid Gotra: Sangwan, Gulia, Bajiya, Cont.: 09467923726, 09466016340
- SM4 Jat Boy 26.9/5'7" M.C.A. Employed as Project Engineer in ORACLE Co. at Banglore with Rs. 7 Lac package PA. Avoid Gotras: Grewal, Antil, Dalal, Cont.: 09417629666

ist&1 dk ’k"k

Hkkbl lqjsUnz flag efyd ;knxkj vku nh LikV vf[ky Hkkjrh; fucU/k ys[ku çfr;ksfxrk & fnukad 04 tqykbZ] 2016

जाट सभा चण्डीगढ़/पंचकूला द्वारा दिनांक 04 जुलाई 2016 को सुबह 10 से 11 बजे तक कालेज, युनिवर्सिटी तथा दसवीं, 10+1 व 10+2 क्लास के विद्यार्थियों के लिए भाई सुरेन्द्र सिंह मलिक यादगार आन दी स्पाट अखिल भारतीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता शहरी व ग्रामीण दो श्रेणियों में निम्नलिखित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

1. Ch. Bharat Singh Memorial Sports School Nidani, Distt. Jind (Haryana)
2. Bhai Surender Singh Malik Memorial Girls Sr. Secondary School, Nidani (Jind)
3. Govt. Girls Sr. Secondary School, Shamlo-kalan, Distt. Jind (Haryana)
4. Govt. Girls Senior Secondary School Lajwana-kalan, Distt. Jind
5. Govt. Senior Secondary School Gatoli, Distt. Jind
6. Govt. Girls Senior Secondary School, Julana, Distt. Jind (Haryana)
7. Govt. Senior Secondary School, Julana, Distt. Jind.
8. Govt. Senior Secondary School, Kilazaffar Garh, Distt. Jind
9. Gyandeep Model High School Sector 18, Panchkula
10. Bhavan Vidyalaya, Near Market, Sector 15, Panchkula
11. C.L. D.A.V. Sr. Secondary School, Sector-11, Panchkula
12. Moti Ram Sr. Secondary School, Sector-27, Chandigarh

इस प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी किसी भी परीक्षा केन्द्र पर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये आवेदन कर सकता है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम ईनाम 5100 रुपये व गोल्ड पदक, द्वितीय ईनाम 3100 रुपये व कांस्य पदक, तृतीय ईनाम 2100 रुपये व रजत पदक प्रदान किये जायेंगे। इसके इलावा 1500 रुपये, 1000 रुपये, 900 रुपये व 600–600 रुपये के 6 अन्य सांत्वना पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतियोगिता हिन्दी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में दी जा सकती है जो कि 1000 शब्दों से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

प्रतिभागी अपने नजदीक के किसी भी परीक्षा केन्द्र में 2 जूलाई 2016 तक आवेदन कर सकता है। निबन्ध का विषय प्रतियोगिता शुरू होने से पहले बताया जायेगा। परीक्षार्थीयों को परीक्षा के लिए केवल अपना पैन तथा कार्डबोर्ड लाना होगा जबकि उत्तर पुस्तिका केन्द्र पर उपलब्ध कराई जायेगी। विजेताओं को पुरस्कार बसन्त पंचमी तथा सर छोटूराम जयन्ती समारोह के अवसर पर प्रदान किये जायेंगे। इस प्रतियोगिता का सारा खर्च भाई सुरेन्द्र सिंह मैडिकल एजुकेशन तथा अनुसंधान निडानी (जीन्द) द्वारा वहन किया जायेगा।

कब और कैसे शुरू हुई कबड्डी

– सुमोधा चहल, हिसार

माना जाता है कि कबड्डी देश का सबसे पुराना खेल है। इसकी शुरूआत कब हुई, यह कहना मुश्किल है, पर यह तय है कि यह काफी पुराना खेल है। माना जाता है कि कबड्डी का जन्म तमिलनाडु में हुआ। कबड्डी शब्द तमिल काई–पीडि (चलो हाथ पकड़े हैं) से बना है। पंजाब, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में इसे राज्य खेल का दर्जा हासिल है। हमारे देश की मिट्टी से जुड़े इस खेल के कुल 3944 रजिस्टर्ड क्लब है। कबड्डी हमारे पड़ोसी बांग्लादेश का राष्ट्रीय खेल है। वैसे हिन्दुस्तान की कबड्डी टीम दुनियां की बेताज बादशा है। 1990 में पहली बार कबड्डी को एशियाई खेलों में शामिल किया गया। तब से लेकर आज तक हर बार भारत गोल्ड मेडल जीता है। भारत के अलावा यह खेल बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, मलेशिया और इंडोनेशिया में भी खेला जाता है।

सांस टूटा, तो आउट

कबड्डी के खेल में दोनों तरफ 7–7 खिलाड़ी होते हैं। 5–5 खिलाड़ी रिर्जव में रहते हैं। खेल का मैदान 12.5 मीटर लम्बा और 10 मीटर चौड़ा होता है और दो हिस्सो में बंटा रहता है। खेल 20–20 मिनट के 2 हिस्सो में खेला जाता है। अटैक करने वाली टीम का एक खिलाड़ी बिना सांस तोड़ कबड्डी–कबड्डी कहता हुआ दूसरी तरफ जाता है। उसकी कोशिश होती है कि एक सांस में विरोधी टीम के ज्यादा–सेज्यादा खिलाड़ियों को छुए और अपने खेमे में लौट आए। वह जितने खिलाड़ियों को छूता है, उसकी टीम को उतने ही नंबर मिलते हैं। अगर उसे विपक्ष के खिलाड़ी घेरने में कामयाब हो जाते हैं और उसकी सांस ही टूट जाती है तो वह खेल से बाहर हो जाता है। जिस टीम को ज्यादा नंबर मिलते हैं, वहीं विजयी रहती हैं।

कुश्ती जैसी ट्रिक और ताकत भी चाहिये

आप जब दोनों टीमों को कबड्डी खेलता देखते हैं या कभी इसका हिस्सा बनते हैं तो यहि महसूस करते होंगे या फिर ऐसा अहसास होता होगा कि कबड्डी में कुश्ती जैसी ट्रिक और ताकत चाहियें। इस बात को कबड्डी के बड़े खिलाड़ी भी कहते हैं। असल में तो बंदा कबड्डी–कबड्डी कहकर दौड़ता है उसे रेडर कहते हैं। रेडर को जहां पकड़े जाने से बचना होता है वहीं उसे यह भी ध्यान रखना होता है कि अगर पकड़ा जाता है तो उसे वापस कैसे जाना हैं कबड्डी के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय ठाकुर कहते हैं कि इसमें दोहरे अटेक करने पर रेडर उतना आक्रामक नहीं रहता है और हावी होने से पहले ही उसे दबोचने का भी फायदा होता है। अजय ठाकुर कई स्कूलों में छात्रों को इसका गुर सिखाते है।

अजय की तरह की कबड्डी के अन्य खिलाड़ी बताते है के यह फूर्ती का गेम है। विशेषज्ञ कहते हैं कि इस गेम में अंतिम समय तक अपना मनोबल बनाये रखना पड़ता है। यही नहीं हौसला बनाय रखने के अलावा इसमें सकारात्मक सोच की भी जरूरत है। कुश्ती की तरह ट्रिक भी अपनानी पड़ती है। जैसे कुश्ती में कई तरह के पछाड़ शुरू होते हैं उसी तरह कबड्डी में भी कई ट्रिक होते हैं। इस गेम में कभी भी खुद को कमतर नहीं आंकना चाहिए। लेकिन अन्य खेलों की तरह इसमें भी सामने वाले को कभी कम नहीं आंकना चाहिए। यानी दोनों ओर से बात बराबरी की होती है।

अलग–अलग आयु वर्ग में होने वाली कबड्डी प्रतियोगिता के लिये आज कई स्कूलों में तैयारियां कराई जाती हैं। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह खेल ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं में शामिल होगा। इसमें भी प्रतिभाओं को मौका मिलेगा अपने हुनर को दिखाने का।

मिट्टी के मैदान में लें विशेष प्रशिक्षण

विशेषज्ञ कहते हैं कि मिट्टी के मैदान में कबड्डी का प्रशिक्षण लिया जाना चाहिए। इसमें शरीर को मजबूती के अलावा स्फूर्ति मिलती है। साथ ही कठिनाई से जुझने का जज्बा भी मिट्टी में खेलने से मिलता है।

यह एक ऐसा खेल है जिसके लिए न महंगे उपकरण और न ही विशाल स्टेडियम चाहिए। बस खेलों के शौकीन जमा हुए और पंद्रह–बीस खिलाड़ियों की टीम खेत खलियान कहीं भी प्रतियोगिता शुरू हो जाती है व गूंजने लगते हैं हुर कबड्डी–कबड्डी–कबड्डी के जोशीले सुर।

(अपराजेय भारत से साभार)

रोबोट बढ़ायेगा बेरोजगारी

– रेणु वमा

आंकड़ें डराने वाले हैं – हाल में क्लाज शाब, रिचर्ड सैमसन्स द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक रोबोट बहुत सी नौकरियों खाने वाले हैं। शाब–सैमसन्स की रिपोर्ट का दावा है कि रोबोट तकनीक के चलते आने वाले पांच वर्षों अर्थात् वर्ष 2020 तक दुनिया भर में करीब पचास लाख नौकरियां खत्म हो जाएगी। इसमें व्हाईट कालर क्लर्कों की नौकरियां भी जाने की आंशका है। बहुत ही महत्वपूर्ण बात इस रिपोर्ट में कही गई है कि अब प्राइमरी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों में से करीब 70 प्रतिशत बच्चे वो काम, वो नौकरियां कर रहे होंगे, जो अभी मौजूद ही नहीं हैं। दरअसल 50 लाख नौकरियां आएगी, जो नई गतिविधियों, नए कौशल से जुड़ी होंगी यानी कुल नौकरियों का खात्मा करीब 50 लाख के आसपास होगा।

तकनीक ने भारत में बहुत नोकरियां खोई हैं, इसके बावजूद तकनीक के विकास को रोका नहीं जा सकता है। उसके समग्र परिणामों पर विचार करके रणनीतियां बनाई जा सकती हैं। जैसे अभी भारत में होने वाले कुल रेल रिजर्वेशन टिकटों का करीब 40 प्रतिशत आनलाइन तरीके से बुक होता है। हममें से अधिकांश लोग दिमाग पर जोर डालें कि आखिरी बार हम कब स्टेशन गए थे कोई रेल टिकट खरीदने, तो याद नहीं आएगा। इंटरनेट पर, मोबाईल एप्लीकेशन के जरिए ही रिजर्वेशन हो रहे हैं। अब इसका एक असर यह है कि जो काम रेल–क्लर्क करता, वह काम हम मोबाईल एप्लीकेशन पर या इंटरनेट कैफे में कोई और कर रहा है। वह काम रेल से शिट होकर बाहर चला गया है। रेल में रोजगार कम हुआ, इसके लिए तकनीक की जिम्मेदारी है, पर तकनीक की रतार पर ब्रेक नहीं लगाया जा सकता।

रोबोट बहुत विकसित तकनीक पर काम करता है। यह छोटे–मोटे नहीं, बहुत जटिल काम भी कर सकता है। रोबोट सुरक्षा, बैंकिंग से लेकर शिक्षा तक के कारोबार में आ सकता है। बल्कि कई मामलों में तो आ ही गया है और मजबूरी से आ गया है। अमेरिका में कुछ हस्पतालों में दवा देने का काम रोबोट ही कर रहे हैं। ना सिर्फ दवा दे रहे हैं, बल्कि आपरेशन वगैरह में भी रोबोट अपनी क्षमताओं के चलते मदद दे रहे है। जिन मामलों में इंसानी हाथों की सीमाएं होती हैं, वहां रोबोट मदद करते हैं। उदाहरण के लिए इंसानी कलाई सिर्फ दो दिशाओं में घूम सकती है जबकि रोबोटिक भुजा आठ दिशाओं में घूम सकती है। अमेरिका में कार्यरत सर्जन डाक्टर हिमांशु वर्मा के मुताबिक इस खुबी की वजह से रोबोट मेडिकल साईस में बहुत बड़ी भूमिका निभा रहें हैं। हां, यह भूमिका किसी डाक्टर के निर्देशों के तहत ही निभाई जाती है। अमेरिका में कानून से जुड़े शोध कई मामलों में मशीन ही निपटा रही हैं। मोटे तौर पर रोबोट वह काम करते हैं, जिनमें एक स्तर का मशीनीकरण है, जिसमें मानवीय निर्णयों, रचनात्मकता की जरूरत नहीं हैं। जैसे नोट गिनने का काम रोबोट कर सकता है। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत किसी प्लांट में तमाम साज–सामान को कहाँ ले जाकर रखने, कज–पुर्जों को फिट करने का काम रोबोट कर सकता है। पर रोबोट उन कामों को करने में समर्थ नहीं होगा, जिनके लिए मानवीय निर्णय और रचनात्मकता की जरूरत होती है। पर तकनीक जिस गति से आगे बढ़ रही है, संभव है कि वो काम भी रोबोट कर ले। गूगल की ड्राइवरविहीन कार, जो बड़े आराम से चल रही है। भारत में तो अभी ड्राइविंग मानव के बगैर संभव नहीं है, पर क्या पता पांच–सात–दस सालों बाद ड्राइवरविहीन कार भारत में भी संभव हो जाए, तब तमाम ड्राइवरों की नौकरी का क्या होगा? मतलब तमाम क्षेत्रों में रोबोट–जनित बेरोजगारी का खतरा मंडरा रहा है। भारत जैसे देश के लिए चुनौतियां दोहरी हैं। भारत जैसा देश तकनीक के मामलों में पीछे नहीं रहना चाहेगा और यह भी नहीं चाहेगा कि रोजगार के अवसर कम हों। रोजगार का मसला भारत में सिर्फ तकनीक का नहीं, आर्थिक और राजनीतिक मसला भी है। कई क्षेत्रों में, इन सवालों की पड़ताल अभी से बहुत जरूरी है। क्योंकि हमें देखना है कि जो क्षेत्र, जो रोजगार, जो काम भविष्य में विकसित होने वाले हैं, उनके लिए विद्यार्थियों को अभी से तैयार करना जरूरी है।

(रा. पत्रिका से साभार)

यादें

–पूनम सिंह

यादें भी हैं अजब पहेली
बिन बुलाई बचपन की सहेली
कभी हंसाती
कभी रूलाती
कभी खिलखिलाती
कभी तड़पाती
कभी इनसे दिल भर आता
कभी आंख भर आती
एक पल में यहां
दूसरे पल बरसों पीछे ले जाती
चाहो कितना भी छोड़ना
पर ये कहां छोड़ती
जितना भागो दूर इनसे
उतना करीब आती
छोड़ेंगी ये कभी न साथ
जब तक सांस, तक तक याद

स्वतंत्रता सेनानी, जाट संत गंगा दास

(झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का दाह संस्कार करने वाला जाट संत)

– डा. जगन्नाथ शर्मा

यदि कोई पूछे कि 18 जून 1858 को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का दाहसंस्कार किसने किया था? हिन्दी साहित्य में राष्ट्रीयता का प्रथम बिगुल किसने बजाया? आधुनिक काल के प्रथम कवि एंव खड़ी बोली के प्रथम समर्थ कवि कौन थे? अंग्रजी शासन की आलोचना सबसे पहले अपने साहित्य में किसने की? खड़ी बोली की कृत्रिमता समाप्त करके उसे लोकतत्वों से सम्मान किसने किया। इन सभी प्रश्नों का उत्तर है "संत गंगादास ने"।

महान दार्शनिक, भावुक्त भक्त, उदासी महात्मा, महाकवि गंगादास का जन्म, दिल्ली मुरादाबाद मार्ग पर स्थित बाबूगढ़ छावनी के निकट रसूलपुर ग्राम में सन् 1823 की बंसत पंचमी को हुआ था। उनके पिता चौधरी सुखीराम मुण्डेर गोत्र के जाट और एक बड़े जमींदार थे। इनकी माता का नाम दाखा था, जो हरियाणा में बल्लभगढ़ के निकट दयालपुर की रहने वाली थीं। हरियाणा के सर्वश्रेष्ट लोककवि एवं लोकनाट्यकार पं. लख्मीचन्द के गुरू पं. मानसिंह (ग्राम–बसौद, जि. सोनीपत), तथा मानसिंह के गुरू मवासीनाथ (ग्राम–निनाणा, जि. बागपत) थे और मवासीनाथ के गुरू संत गंगादास थे। इस प्रकार पं. लखमीचन्द भी संत गंगादास की शिष्य परम्परा में थे।

अपने ग्वालियर निवास के समय संत गंगादास ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई और उनकी सखी मुन्दर को दीक्षा देकर उन्हें राष्ट्रीयता का पाठ पढ़ाया तथा अंग्रेजों से युद्ध करने और भारत को स्वतंत्र कराने हेतु संतों की एक सेना भी इस संत ने बनाई थी। रानी के शहीद होने के पश्चात् इस संत सेना का अंग्रेजी फौज से ग्वालियर में युद्ध हुआ, जिसमें 753 संत शहीद हुए। संत गंगादास तो अपने शिष्यों के आग्रह पर गढ़मुक्तेश्वर आ गए, किन्तु रानी लक्ष्मीबाई और संतों का हत्यारा अंग्रेजों की सेना का सेनापति जरनल ह्मरोज फेजर इतना घायल हो गया कि उसे इलाज के लिए मसूरी लाया गया। यहां युवा भारतीयों को जीवित भूनकर उनकी चर्बी से एक मरहम तैयार किया जाता था और इससे अंग्रेज घायलों का इलाज होता था। इससे भी फेजर बच नहीं पाया। उसकी मृत्यु मसूरी में ही 12 अगस्त, 1858 को हो गई और कैमिलबैक रोड़ के ईसाई शमशान में उसे दफन कर दिया गया। स्मरणलेख सहित इसका मकबरा वहां आज भी मौजूद है।

लोकमान्य तिलक की भांति गंगादास में भी राष्ट्रीयता और अध्यात्म की दोनों धाराएं समानान्तर रूप से चल रहीं थी।

'कांशी' से शिक्षा प्राप्त करके भ्रमण करते हुए संत गंगादास 1855 में मध्य प्रदेश के ग्वालियर नगर के पास सोनरेखा नामक नाले के निकट कुटी बनाकर रहने लगे थे। वहीं उन्होंने 18 जून, 1858 को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का दाह संस्कार किया था, जिसका उल्लेख वृन्दावनलाल वर्मा कृत 'झांसी की रानी' पुस्तक में तथा अन्य ऐतिहासिक ग्रन्थों में भी उपलब्ध होता है। 'गंगादास शाला' वहां आज भी स्थित है।

हिन्दी–साहित्य में ब्रिटिश शासन के विरूद्ध राष्ट्र–प्रेम और स्वतंत्रता का सर्वप्रथम बिगुल बजाने वाले संत गंगादास (1823–1913) का काव्य ज्ञान भक्ति और राष्ट्रप्रेम की त्रिवेणी है। खड़ीबोली क्षेत्र अथवा कुरूप्रदेश की संस्कृति का संजीव चित्रण उनके काव्य में कलात्मक रूप से किया गया उपलब्ध है। आधुनिक कालीन काव्य में संत गंगादास का महत्त्व असंदिग्ध रूप से स्वीकार्य है। यही कारण है कि 1970–2000 के अन्तराल में 15 शोधार्थियों ने उनके काव्य के विधि पक्षों पर अपने शोधग्रन्थ लिखे, किन्तु राष्ट्रप्रेम, संस्कृति और भाषा की दृष्टि से इसका अध्ययन समुचित रूप से नहीं हुआ। इसी अभाव की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मार्च, 2001 में एक 'वृहत शोध परियोजना' स्वीकार की थी, जिसमें 'संत गंगादास–वाडमयः साहित्य, समाज और भाषा' नामक शोध–कार्य तीन वर्ष में ही सम्पन्न करना था। अनुसंधाता ने समय पर ही इस कार्य को पूर्ण किया। इस शोध–परियोजना के सम्पन्न होने से अनेक नवीन तथ्यों का पता चला है, जिनमें संत गंगादास द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भाग लेने हेतु प्रेरणा देना,, उनका दांह संस्कार करना, सवतंत्रता प्राप्ति के लिए संतसेना का निर्माण करना, इस सेना का ग्वालियर में अंग्रेजों से युद्ध करना, जिसमें 753 संतों का बलिदान होना, तत्पश्चात संत गंगादास का गढ़मुक्तेश्वर (जिला गाजियाबाद)

में निवास और यहां रहकर भी स्वतंत्रता सेनानियों से सम्पर्क बनाए रखना आदि मुख्य है।

"नीतिहान राजा अन्याई, वेद विरोधी शठ दुखदाई" आदि गंगादास के कथन सिद्ध करते हैं कि राजा और प्रजा दोनों के लिए नैतिक नियमों का पालन वे आवश्यक मानते हैं। प्रशासक–प्रशासित दोनों वर्गों के व्यक्तियों के लिए ही उन्होंने नीति निर्धारण किया तथा उनके अनैतिक कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित करके नैतिकता की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राजनीति का वर्णन करते हुए उन्होंनें राम–राज्य के आदर्श और रावण–राज्य के अनैतिक कार्यों का चित्रण प्रस्तुत किया। "भूप दण्ड देते नहीं, भई पाप की मेज" आदि की भांति अंग्रेजों के कुशासन की ओर भी जनता का ध्यान आकृष्ट किया। राजा के लिए दया, धर्म, विद्वानों का सम्मान, पापियों को दण्ड, प्रजा–वत्सलता आदि गुणों की आवश्यकता पर बल दिया तो प्रजा के लिए भी उन्होंने अपने–अपने वर्णाश्रम के अनुसार सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वाह का संदेश दिया। सभी धर्मों में वे मानवता के धर्म को सर्वश्रेष्ट मानते हैं और धर्मा के नाम पर अनेक पंथ और सम्प्रदायों की अनावश्यकता अनुभव करते हुए उन्होंने उनकी स्पष्ट आलोचना की है।

समन्वित रूप से कहा जा सकता है कि अनैतिक आडम्बरों, अन्धविश्वासों, बाहरी दिखावे आदि को वे सांस्कृतिक और मानसिक प्रदुषण मानतें हैं, जिससे समाज और व्यक्ति दोनों की हानि हो रही है और राष्ट्र भी निर्बल हो रहा है।

हिन्दी साहित्य में राष्ट्रीय भावना और स्वतंत्रता का बिगुल बजाने वाले प्रथम कवि संत गंगादास ही हैं। संत गंगादास ग्वालियर से प्रस्थान कर जिला गाजियाबाद में गढ़मुक्तेश्वर के प्रसिद्ध तीर्थस्थल पर रहने लगे थे। वहां रहकर वे अध्यात्मिक साधना के साथ–साथ स्वतंत्रता हेतु भी कार्यशील रहे। वे सफेद घोड़ा रखते थे और उसी पर सवार होकर 1911 ई. के दिल्ली दरबार में भी उन्होंने भाग लिया था। उनके काव्य में कलिप्रकोप के ब्याज से, तत्कालीन राजनैतिक अस्थिरता के फलस्वरूप स्वार्थपरता और प्रजा के पाप कर्मों का, कई स्थानों पर चित्रण किया गया है। 'यथा राजा तथा प्रजा' के सिद्धान्त को मानने वाले संत गंगादास जनता में फैले इन समस्त पापों का कारण नीतिहीन और अन्यायी राजा को मानते थे। उनके द्वारा की गई शासन की इस प्रकार की निर्भीक आलोचना को देखकर हम कह सकते हैं कि हिन्दी साहित्य में राजनीतिक और राष्ट्रीय चेतना का आरम्भ भारतेन्दु युग से पूर्व गंगादावस कर चुके थे और इन्होंने अंग्रेजी शासन की खुले रूप में आलोचना की थी। अंगेजों को तस्कर बताते हुए उन्होंने उनके द्वारा की गई लूट की घोर निन्दा की थी।

खड़ी बोली के प्रथम समर्थ कवि संत गंगादास की हिन्दी साहित्यस में प्रथम खोज 1970 में तब हुई थी जब आगरा विश्वविद्यालय ने लेखक का पी.एच.डी. हेतु 'संत गंगादासः व्यक्तित्व एवं कृतित्व' नामक शोधप्रबंध स्वीकार किया। अपने डी. लिट् के शोधकार्य में भी 'उदासीन सम्प्रदाय के हिन्दी कवियों' के अन्तर्गत इस कवि पर केवल एक अध याय लिखा गया था। 1970 से 2000 ई. तक अनय शोध कार्य भी इस कवि के विविध पक्षों पर किये गये, किन्तु फिर भी इस कवि के जीवन, राष्ट्रीय भावना, भाषा आदि पक्ष अछूते ही रहे थे। समाचार पत्रों में भी यद्यपि पर्याप्त चर्चा इस पर हुई तथापि उपर्युक्त पखों पर शोध–कार्य का अभाव ही बना रहा। शोध–कार्य के परीक्षकों, समीक्षकों और हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य विद्वानों ने संत गंगादास के काव्य की भूरि–भूरि प्रशंसा भी इस प्रकार की है :

"ज्ञान, भक्ति और काव्य की दृष्टि से संत कवि गंगादास विशेष प्रतिभावान रहे हैं, परन्तु उनका काव्य उपलब्ध न होने के कारण हिन्दी साहित्य के इतिहास में उनका उल्लेख नहीं हो सका था। डा. जगन्नाथ शर्मा ने अत्यन्त मनोयोग से इस कवि की रचनाएं खोजकर और उनकी सुन्दर समालोचना प्रस्तुत करके एक महत्वपूर्ण शोध ा–कार्य किया है।"

– डा. रामकुमार 'वर्मा'

"संत कवि गंगादास का काव्य भारतेन्दुपूर्व खड़ी बोली हिन्दी काव्य का उच्चतम निर्देशन है और हिन्दी साहित्य के इतिहास की अनेक पुरानी मान्यताओं के परिवर्तन का स्पष्ट उद्घोष भी करता है।"

– डा. विजयेन्द्र 'स्नातक'

वर्ष 1913 में जन्माष्टमी को प्रातः छह बजे जब ब्रह्मलीन हुए तो श्रद्धालु भक्तों, महात्माओं एवं उनके शिष्यों ने उनकी इच्छानुसार संत का पार्थिक शरीर परम पावनी गंगा में प्रवाहित कर दिया। उनकी शवयात्रा में सहस्रों संतों और समाज के सम्भ्रान्त व्यक्तियों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से भाग लिया और विशाल शोभायात्रा निकाली। अपने 90 वर्ष के जीवनकाल में उन्होंने विपुल साहित्य का प्रणयन किया, जिसमें से लगभग 8000 पद प्राप्त हो चुके हैं।

इंटरनेट बना हमारा सामूहिक दिमाग

- अनामिका

पिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट ने हमारी दुनिया ही बदल दी। यह बदलाव किस हद तक क्रांतिकारी है, इसके बारे में तरह–तरह के विचार किए जा रहे हैं। कुछ वैज्ञानिकों के विचार भी इस सिलसिले में बहुत क्रांतिकारी हैं। उनका कहना है कि इंटरनेट एक मायने में उत्क्रांति या मानव विकास का अगला कदम है, जिसने इंसान के ज्ञान पाने या महसूस करने के बुनियादी तरीके में बदलाव कर दिया है। इसे ऐसे समझें कि 25 लाख साल पहले वानरों की वे प्रजातियां असितत्व में आई, जिनसे इंसान का अन्य वानरों से अलग विकास शुरू हुआ, जिसके अनेक चरण हम जानते हैं। इंसान के विकास शुरू हुआ था, जिसके अनेक चरण हम जानते हैं। इंसान का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष था उसके दिमाक का विकास। प्रकृति में अन्य जीवों में शरीर और दिमाग का जो अनुपात है, उसे देखते हुए शरीर के आकार की तुलना में इंसानी दिमाग बहुत बड़ा है। इंसानी दिमाग का सबसे विकसित हिस्सा इसका ऊपरी और आगे किा हिस्सा है, जिसे प्रीफ्रंटल लोब कहते हैं और जिसकी मानव सभ्यता के विकास में एक बड़ी भूमिका है। अब वैज्ञानिक कह रहे हैं कि इस विकास की अगली कड़ी इंटनेट है, जो एक अर्थ में हमारे दिमाग के एक नए हिस्से की तरह काम कर रहा है। यह मानव इतिहास में एक नई शुरूआत है, इंसानी दिमाग के विकास के बाद की यह दुसरी बड़ी शुरूआत है।

हम इस तरह सोचें कि इंटनेट हमारे लिए क्या है? वह ज्ञान, सूचनाओं और अनेक किस्म के बौद्धिक कामों का एक विशाल तंत्र है, जो हम सबको जोड़े हुए है। अब हम कोई भी फैसला करते हुए या विश्लेषण करते हुए सिर्फ अपने जैविक दिमाग में उपलब्ध ज्ञान या सूचना का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि इस विशाल तंत्र में मौजूद तमाम ज्ञान और सूचनाओं का इस्तेमाल करते हैं। यह सुविधा पहले कभी नहीं थी। पहले हम अपने दिमाग में उपलब्ध ज्ञान और सूचनाओं के अलावा उपलब्ध किताबों और कुछ लोगों की सलाह तक निर्भर रह जाते थे। अब करोड़ों दिमाग और इंटरनेट के तंत्र में उपलब्ध तमाम ज्ञान या जानकारियां हमारे दिमाग से जुड़ी हुई है।

वैज्ञानिक कहते हैं कि इन मायने में हम अब एक दिमाग की तरह नहीं, बल्कि काफी हद तक आपस में जुड़े हुए दिमागों के एक तंत्र की तरह सोचते हैं। हम पहले भी किसी समाज के मन या समझ की बात करते थे, मसलन हम कहते हैं कि मतदाताओं ने अमुक जनादेश दिया। हम जानते हैं कि सारे मतदाता आपस में सलाह करके कोई फैसला नहीं कर सकते, फिर भी इस धारणा के साथ बात करते हैं, मानो मतदाताओं ने एक दिमाग की तरह सोचते हुए यह फैसला किया है कि इस पार्टी को इतनी सीटें मिलनी चाहिए, दूसरी पार्टी को इतनी सीटें मिलनी चाहिए वगैरह। लेकिन यह सामूहिक मन या समझ का विचार अमूर्त या अधि–भौतिक स्तर पर होता था, अब इंटरनेट ने इस सामूहिक समझ को एक भौतिक रूप दे दिया है।

इस सामूहिक दिमाग के ज्यादातर आयाम हससे अभी अछूते हैं मलिन बस्ती के कुछ निरक्षर बच्चों के बीच काम कर रहे एक शिक्षा विशेषज्ञ का कहना है कि इंटरनेट ने सीखने की प्रक्रिया ही बदल डाली है। नई पीढ़ी जिस प्रक्रिया से सीख रही है, वह पिछली पीढ़ियों से काफी अलग है। यह पीढ़ी इस सामूहिक दिमाग का प्रभावशाली इस्तेमाल करना सहजता से, अनजाने ही सीख जाती है, जिसे समझना पुरानी पीढ़ी के लोगों के लिए मुश्किल है। शायद अब इंटरनेट अन्य टेक्नोलॉजी की तरह एक टेक्नोलॉजी नहीं हैं, अब वह एक जैविक विकास है, वह हमारी चेतना का एक और आयाम है, जो उद्घाटित हो रहा है। यह ज्ञान का भंडार है।

(हिन्दुस्तान से साभार)

काना राजा

-राही, जयपुर

रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराज राजन ने पिछले दिनों बातों ही बातों में भारतीय अर्थव्यवस्था को 'अंधों में काना राजा' बताया था। उनकी बात सुन हमें तो मजा आया कि चलो आज के बखत में कोई तो हुआ जो थोड़ी सच्ची बात कह रहा है लेकिन उनकी इस बात से केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री निर्मला सीतारमण नाराज हो गई। वे बोली कि शब्दों का चयन ठीक किया जा सकता था। जहां तक भारतीय अर्थव्यवस्था में अभी पूर्णतः ठहराव नहीं आया है। आज भी भारत की अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ होने के पीछे बहुत बड़ा कारण वह धन है जो कि सेवा के रूप में हम विदेशों से प्राप्त कर रहे हैं। हमारे लाखों युवक पूरी दुनियां में जाकर काम कर रहे हैं और वहां से कमाये अरबों–खरबों रुपये वे भारत भेजते हैं। क्या देश के

भीतर औद्योगिक उत्पादन में हम सिरमौर हो पाये हैं? हम चीन से मुकाबला तो करने की सोचते है लेकिन चीन के बराबर औद्योगिक उत्पादन कर पाते हैं? कसम से हमारा कतई मन नहीं करता कि हम चीन की बनी चीजें घर में वापरे। लेकिन ध्यान से देखने पर पता चलता है कि मोबाईल फोन से लेकर प्लास–पेचकस तक हम चीन में बने उत्पादों को ही काम में ले रहे हैं। यह तो नरेन्द्र भाई मोदी की किस्मत ठीक समझिए कि हर वक्त पेट्रोल के दामों पर लगाम लगी हुई हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से टिकी रही थी। वित्तमंत्री अरूण जेटली ने तो कई बार पैंतरे बदले लेकिन हमेशा रघुराम राजन ने अपने पांवों को जमीन पर टिकाये रखा और सरकार को ऐसे लोकप्रिय फैसले नहीं करने दिए जिनसे कुछ देर तक तो वाहवाही मचती लेकिन थोड़ी–सी विपरीत परिस्थिति आती तो फिर अर्थव्यवस्था को ढेर होने से बचाना मुश्किल हो जाता। यह तो आम भारतीय की आदत है कि वह बुरे दिनों का ख्याल करके बचत करता है लेकिन वर्तमान सरकार चाहती है कि लोग बचत न करें और खर्च करने की आदत डालें। बचत कम करने से बाजार में ज्यादा पैसा आएगा और लगेगा कि अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। लेकिन संकट के समय यही बचत काम आती है। विकास की गति और आंकड़ों की छलांग लगाते देखने वालो से हम यही कहना चाहते हैं कि भाई साहब लोगों, तेज दौड़ने का नाटक मत करो वरना जल्दी हांफ जाओंगे और गलती से पांव उल्टे–सीधे पड़ गए तो दो मिनट में दिन में तारे नजर आ जांएगें। यूरोप और अमेरिका जाकर गाल बजाने वालों जरा देश के किसानों, छोटे व्यापारियों, कामगार मजदूरों की हालत पर भी गौर फरमाओं। इनकी हालत देख कर तो यही कहना पड़ा 'घर में नहीं दाने और सरकार चली भुनाने।'

(रा० पत्रिका से साभार)

अनुभव है जीवन की राह

जिंदगी की वास्तविक समझ अनुभव से पैदा होती है। हम अपनी क्षमताओं का समुचित आकलन और नियोजन अनुभव के माध्यम से ही कर सकते हैं। अनुभव किए बगैर न तो हम अपनी जिंदगी जी सकते हैं और न ही अपने अंदर समाई दिव्य क्षमताओं का परिचय पा सकते हैं। इस सबको जानने, समझने और सही नियोजन करने के लिए हमें उसी रूप में उन्हें महसूस करना चाहिए। हम आखिर हैं कौन ? और हमारे अंदर क्या है जो बाहर फूटकर आना चाहता है? क्षमताएं अंदर सुप्त रूप में पड़ी रहती हैं। इन्हें गहराई से महसूस करेंगे। इन्हें हम जितना महसूस करेंगे, उनकी पहचान उतनी ही अधिक होगी।

क्षमताओं को महसूस करना कोई बौद्धिक व्याख्या नहीं है और कोई तर्क भी नहीं है कि यह ऐसा होगा या नहीं होगा। इनके बारे में तभी सार्थक रूप से बताया जा सकता है जब इनकी बारीकियों को हम महसूस करेंगे। जीवन में असीम क्षमताएं समाई हुई हैं, परन्तु ये सोई पड़ी हैं ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं हैं, जो इन दिव्य विभूतियों से वंचित होगा। सभी में ऐसी महान विभूतियां समाई हैं कि उनके एक अंश उभरकर सामने आने पर मनुष्य कहां से कहां पहुच सकता है। जीवन की राहें कांटों से अटी पड़ी हैं और इन कांटों को भेदकर गुलाब का सुखद स्पर्श किया जा सकता है। एक ने जिंदगी से निरी कल्पना की, तर्क किया, परन्तु दूसरे ने उसका यथार्थ अनुभव किया और उसने अनुभव के लिए अपनी समस्त कुशलता को झोंक दिया। इसके बाद ही वह सब कुछ उपलब्ध कर सका। क्षमता को सतत प्रक्रिया से उभारा जा सकता हैं निरन्तर प्रयास से क्षमता निखरती हैं, परन्तु इससे ठीक विपरित रूक जाने से यह छिप जाती है, ढक जाती है। क्षमता की सही समझ और परिस्थितियों के सही नियोजन से विकास की ऐसी अविरल धारा फूट पड़ती है, जिसे हम 'प्रतिभा' कहते हैं। प्रतिभा कुछ नहीं हैं, बल्कि हमारी क्षमताओं एवं परिस्थितियों के बीच सामजस्य स्थापित कर श्रेष्ठ और नया करने के लिए सतत अवसर तलाशने और उसे कर गुजरने के हौसले का नाम हैं। प्रतिभा अपनी असमताओं में जीती है, उन्हें अनुभव करती है, परन्तु ध्यान रहे, हम परमात्मा नहीं हैं कि सब कुछ कर सकते हैं।

युगों-युगों तक अमर रहेंगे सर छोटूराम

—नरेंद्र विद्यालंकार

सर छोटूराम जैसा व्यक्ति अब कभी पैदा नहीं होगा। वे जो कहते थे वैसा ही आचरण भी करते थे। भ्रष्टाचार और कायरता उनकी डिक्शनरी में नहीं था। उनके जीवन का एक ही मकसद था —गरीब का उद्धार। किसानों की बुलंद आवाज तो कई नेता बने लेकिन ज्यादातर का उद्देश्य वोट की राजनीति रहा। किसानों का हित सैकेंडरी था। चौ. चरण सिंह, देवी लाल, कुंभाराम आर्य, बंसीलाल ने किसानों के लिए कई ऐसी योजनाओं की शुरुआत की जिससे केंद्र और राज्य सरकारों के कान खड़े रहे लेकिन अपनी कुर्सी को तिलांजलि देने वाली कुर्बानी किसी नेता ने नहीं दी। जबकि सर छोटूराम ऐसे नेता थे जिन्होंने ठीक दाम नहीं देने के लिए अंग्रेज सरकार को भी ललकार कर फसल की कीमत दिलाने का अदम्य साहस दिखाया था। आज है किसी में इतनी हिम्मत जो मौजूदा सरकारों में धमकी देकर किसानों का हित साध सके।

हरियाणा में तीन महीने पहले धान की वाजिब कीमत नहीं दी गई। मंडियों से धान उठते ही व्यापारियों ने एक क्विंटल पर पांच–सात सौ रूपए कमाये। क्या हुआ हरियाणा के कृषि मंत्री, केंद्रीय मंत्री और सर छोटूराम के नाम की कमाई पर राजनीति करने वाले बीरेंद्र सिंह और वित्त मंत्री अभिमन्यु का। थोड़ा हल्ला किया और चुप हो गए। इतना बड़ा घोटाला और लंबी तान कर सो गए। किसान का दर्द होता हो कुर्सी पर दांव लगाते। तब मानते कि किसानों के लिए उनके मन में पीड़ा है। मैं नहीं मानता इनमें से कोई भी हिम्मत करता तो सरकार समाधान नहीं निकालती। इन तीनों के सामने सुनहरा मौका था किस की आवाज को उठाने का। किसान नेता को स्वतः बन जाता।

सर छोटूराम कितने जीवट वाले व्यक्ति थे, बहुत कम लोग जानते हैं। कर्जा माफी बोर्ड बनाकर किसानों को जब सूदखोरों के चंगुल से निकाल दिया तो सूदखोर भड़क गए और सरकार की नतिक के खिलाफ रोहतक में एक बड़ी रैली का ऐलान कर दिया। कर्जा माफी बोर्ड का चेयरमैन हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री चौ. माडू सिंह मलिक को बनाया था। अंग्रेज शासक और पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री घबरा गए कि सर छोटू राम ने यह क्या बखेड़ा खड़ा कर दिया। उस समय बैंकों की बजाए लोग सूदखोरों से कर्ज लेते थे और अनपढ़ किसानों को बही–खातों में ही उलझाए रखते थे। किसान भी मजदूर थे। परिस्थितियां विकट थी और सूदखोरों में आक्रोश था। सर छोटूराम ने फैसला किया कि वे सूदखोरों की रैली में जाकर अपना पक्ष रखेंगे। हितचिंतकों ने हालात को देखते हुए सर छोटूराम को रैली में जाने से मना किया। लेकिन अंतर आत्मा की आवाज के साथ सर छोटूराम रैली में गए। जब वे रैली में पहुंचे तो उनके खिलाफ जोरदार नारेबाजी हुई। जब रैली खत्म हुई तो तब के अखबारों में सुर्खियां थी– "सर छोटूराम मुर्दाबाद के साथ में पहुंचे और जिंदाबाद के साथ लौटे।" वे रैली में एक घंटा से ज्यादा बोले। एक लाख लोग अवाक थे। छोटूराम ने जो तर्क दिये सूदखोर उनके कायल हो गए।

उनकी बहादुरी का यह अकेला उदाहरण नहीं। पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री सर सिकंदर हयात खां सर छोटूराम को सम्मान के नाते चाचा जी के नाम से संबोधित करते थे। आज है कोई व्यक्ति जिसे यह सम्मान कोई शीर्ष नेता देता हो। कारण था कि वे चाहे किसान किसी जाति का हो वे सबकी आवाज थे। सम्मान तभी मिलता है जब आपका व्यक्तित्व हो।

एक और बात, सर छोटूराम दो बातों पर जोर देते थे– एक दुश्मन को पहचान ले और दूसरा बोलना सीख ले। सर छोटूराम को दुनिया से गए छह दशक से ज्यादा हो गए। दोनों ही बातों को किसानों ने आत्मसात नहीं किया है। जब चुनाव आता है आलोचनाओं में उलझकर अपने को सब जातियों से अलग खड़ा कर लेता है और ऐसे दलों और उम्मीदवारों को वोट डाल देता है जो अहसान ही नहीं मानता। उसी का नतीजा है कि हरियाणा का एक सांसद खुलकर जाटों को गालियां दे रहा है। चार और जातियों को भी आरक्षण मिला था, सांसद सैनी उनका नाम भी नहीं लेता।

बसंत पंचमी पर सर छोटूराम को याद किया जाता है। नेता बड़ी–बड़ी बातें करके चले जाते हैं लेकिन होना–जाना कुछ नहीं होता। जब तक कोई संकल्प नहीं लिया जाएगा, जगह–जगह समारोहों का कोई मतलब नहीं। बीरेंद्र सिंह केंद्र में मंत्री हैं। भाजपा ने उन्हें इसीलिए मंत्री बनाया है कि वे सर छोटूराम के नाती हैं और भाजपा बीरेंद्र सिंह के बहाने जाटों में घुसपैठ रखना चाहती है। सर छोटूराम के बीरेंद्र सिंह नाती नहीं होते तो वे कभी के हरियाणा की राजनीति से बाहर हो जाते।

वक्त है वे सर छोटूराम का नाती होने का कर्ज चुकाएं और किसानों की जो माली हालत है उसके लिए ऐसी नीति बनवाएं ताकि लोग कह सकें बीरेंद्र सिंह थोथा चना नहीं है।

मुझे दुख होता है जब हम हस्तियों को एक जाति तक समेट देते हैं। सर छोटूराम, भीमराव अंबेडकर, परशुराम, वाल्मीकि, अग्रसेन और दूसरी जातियों में पैदा व्यक्तियों को एक जाति के समारोह तक सीमित कर दिया जाता है। इनके काम सबकी भलाई के लिए थे। सर छोटूराम जाट के घर पैदा हुए लेकिन काम तो सभी जातियों के गरीब किसान–मजदूरों के लिए किये थे। आज एक बार फिर किसानों को समवेत स्वर में उठ खड़ा होने की जरूरत है। अलग–अलग राग रहा तो नेताओं की तो चांदी रहेगी, किसान ठोकरें खाता रहेगा।

दो साल पहले मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से चुनाव के सिलसिले में गांधी नगर (गुजरात) में मिला था। मेरे साथ दो और साथी भी थे। सौभाग्य से अगले दिन बसंत पंचमी थी। मैंने मोदी जी को याद दिलाया और उन्होंने तुरंत ट्वीट कर सर छोटूराम को याद किया। इतना बड़ा नाम है सर छोटूराम का। उनका नाम लेते ही स्वतः ही श्रद्धा से सिर झुक जाता है।

सम्पादक मंडल

संरक्षक : डा. एम.एस. मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत)
सम्पादक : श्री गुरनाम सिंह, आई.एफ.एस. (सेवानिवृत)
सह–सम्पादक : डा॰ राजवन्तीमान
साज सज्जा एवं आमुख : श्री आर. के. मलिक
प्रकाशन समिति : श्री बी.एस. गिल, मो० : 9888004417
श्री जे.एस. ढिल्लो, मो० : 9416282798
वितरक : श्री प्रेम सिंह, कार्यालय सचिव, जाट भवन, चण्डीगढ़

जाट भवन 2–बी, सैक्टर 27–ए, चण्डीगढ़
फोन : 0172–2654932 फैक्स : 0172–2641127
Email : jat_sabha@yahoo.com

Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017

RNI No. CHABIL/2000/3469

मुद्रक प्रकाशन एवं सम्पादक गुरनाम सिंह ने जाट सभा, चंडीगढ़ के लिए एसोशियटिड प्रिन्टर्ज़, चंडीगढ़, फोन : 0172–2650168 से मुद्रित करवा कर जाट भवन, 2–बी, मध्यमार्ग, सैक्टर 27–ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित किया।